रांची, वर्ष : 17, अंक : 205 | RNI NO - JHAHIN/2009/28606 | मंगलवार | 11 नवंबर 2025 | TV, E-Paper&News : www.live7tv.com | सुझाव या शिकायत directorsanmarg@gmail.com पर मेल करें
पृष्ठ : 12 मूल्य ₹ 3.00

पेज: 12



ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ...

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक, टेलीफोन नंबर - 0651- 2212677,3242120,2212476 फैक्स नं : 2212679, 2212678
प्रकाशन का 80वां वर्ष
email : sanmargjharkhand@gmail.com

卐 ।। श्री हरि ।।

# सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

पेज: 06



समय पर न्याय मिलना ही बदलाव की...

# दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाका, 11 लोगों की मौत, 21 घायल

### पार्किंग में खड़ी गाड़ियां जलीं

### दिल्ली, मुंबई, यूपी हरियाणा, बिहार और झारखंड में हाई अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हो गई है और 21 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, बिहार, झाररखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं।





घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास खड़े वाहनों तक के परखच्चे उड़ गए। धमाके की सूचना पर दमकल की कुल 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम भी मौके पर है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ ही नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी। आस-पास खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। धमाके के बाद स्थानीय निवासी राजधर पांडे ने बताया, मैंने अपने घर से आग की लपटें देखीं और फिर नीचे आकर देखा कि क्या हुआ है। जोरदार धमाका हुआ। मैं पास में ही रहता हूं। बता दें कि लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार, लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं।

**दिल्ली-यूपी, बंगाल-हरियाणा और एमपी में हाई अलर्ट:** दिल्ली में धमाके के बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। आगरा में पुलिस तलाशी अभियान में जुट गई है। सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के साथ ही होटल, धर्मशाला में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लखनऊ के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ, पुलिस और कई एजेंसियों ने सघन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का घेरा बढ़ा दिया।

**अमित शाह ने दिल्ली कमिश्नर से बात की :** दिल्ली धमाका को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की है। अमित शाह ने पुलिस कमिश्नर से मामले की अभी तक की पूरी जानकारी ली है।

## संक्षिप्त

### एक्टर धर्मेंद्र की हालत नाजुक, वेंटिलेटर पर

**मुंबई :** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार उन्हें सांस लेने में तकलीफ के चलते वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। डॉक्टरों के मुताबिक धर्मेंद्र के लिए अगले 72 घंटे बेहद मुश्किल हैं। हालांकि उनकी स्थिति को लेकर सनी देओल की टीम की तरफ से बयान जारी किया गया है। बयान में कहा गया-हमेशा की तरह यह सिर्फ अफवाह हैं। सर बेहतर हो रहे हैं। वे ऑब्जर्वेशन में हैं। घबराने की कोई बात नहीं है।

### सीवान के खाली प्लॉट में फेंकी मिली वीवीपैट की पर्चियां

**पटना:** सीवान में पहले फेज में वोटिंग हुई। मतदान के चौथे दिन सोमवार को एक खाली प्लॉट में बड़ी संख्या में वीवीपैट की पर्चियां फेंकी मिली है। स्थानीय लोगों ने फेंकी पर्चियां देखी तो लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने इन पर्चियों को हटाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। बताया जा रहा है कि इन पर्चियों में महाराजगंज विधानसभा से राजद उम्मीदवार विशाल जायसवाल के पर्चे सबसे अधिक हैं।

## बिहार विस चुनाव: दूसरे व अंतिम चरण का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

### तीन दलों के अध्यक्षों के साथ कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला

### 122 सीटों पर 136 महिलाओं सहित 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

एजेंसी



**पटना :** बिहार में कल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होगा। 20 जिलों के 122 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। दूसरे और अंतिम चरण में 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित विधानसभा क्षेत्रों और सीमांचल, मगध, शाहबाद, कोसी और मिथिलांचल क्षेत्रों में मतदान होगा। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पुर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका में वोट डाले जाएंगे।गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, जमुई, नवादा, रोहतास और कैमूर जिलों में भी कल मतदान होगा। इस चरण में मतदाता तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों के अलावा कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों में से लोजपा (रामविलास) के राजू तिवारी गोविंदगंज से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की किस्मत कुटुंबा में दांव पर लगी है। टेकारी से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्च के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के भाग्य का फैसला >> शेष पेज 11 पर

## घाटशिला उपचुनाव : आज सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान

### सीसीटीवी व वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव पर रहेगी नजर

वरीय संवाददाता




**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मंगलवार 11 नवंबर को घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव करने के लिए पोलिंग पार्टी का डिस्पैच हो गया है। सोमवार देर शाम तक सभी अपने पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर रिपोर्ट करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुरक्षा की सारी व्यवस्था की गई है। रवि कुमार मुख्यालय में घाटशिला विधानसभा उप चुनाव की मॉनिटरिंग के लिए स्थापित किए गए वेबकास्टिंग सेंटर का निरीक्षण कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि सभी मतदान केंद्रों पर अंदर व बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसकी वेबकास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय व आरओ आफिस से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि घाटशिला उप चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तैयारी की गई है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे >> शेष पेज 11 पर

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2900 केजी विस्फोटक जब्त किया

### 3 डॉक्टरों समेत 7 अरेस्ट कार में एके 47 लेकर चलने वाली लखनऊ की महिला डॉक्टर पकड़ी गई

एजेंसी

**जम्मू /फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक (संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट) बरामद किया गया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। यहां जम्मू-कश्मीर पुलिस ने छापा मारा था। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की गर्लफ्रेंड है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही रविवार को कश्मीर में एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई थी। इससे पहले 7 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सहारनपुर (यूपी) से डॉ. आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। यह अनंतनाग (कश्मीर) का रहने वाला है। आदिल अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रैक्टिस करता था। 2024 में इसने वहां से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह सहारनपुर में प्रैक्टिस करने लगा। जानकारी के मुताबिक डॉ. मुजम्मिल ने फरीदाबाद के धौज गांव में 3 महीने पहले किराए पर कमरा लिया था। वह यहां रहता नहीं था, केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। जम्मू कश्मीर पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आतंकियों के कब्जे से अब तक कुल 2900 किलो आईईडी बनाने की सामग्री बरामद की गई है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि ये आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम करते थे और सोशल मीडिया व एन्क्रिप्टेड चैनलों के जरिए आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते थे। >> शेष पेज 11 पर

### पटना में छत गिरी, परिवार के 5 लोगों की मौत

**दानापुर(पटना):** पटना से सटे दानापुर में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना रविवार देर रात की मानस नया पानापुर गांव की है। यह गांव सारण और पटना की सीमा से सटे दियारा क्षेत्र में है। मकान की छत गिरने से मोहम्मद बबलू (35), उनकी पत्नी रोशन खातून (30), उनकी बेटी रुसार(12), बेटा मो. चांद(10) और बेटी चांदनी(2) की मौत हो गई है। घर पर पूरा मलबा बिखरा पड़ा है। ईंट, टूटी दीवारों के नीचे बच्चे का स्कूल बैग और कुछ कपड़े, पंखा दबा दिख रहा है। कुछ ईंटों पर खून भी लगा है। पास ही कड़ाही, गैस चूल्हा और किचन के दूसरे बर्तन दबे पड़े हैं। हादसे पर सीएम नीतीश कुमार ने शोक जताया है। पोस्टमॉर्टम के बाद सभी के शव को एंबुलेंस से दियारा के मानस गांव भेजा गया है।




### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड सरकार की एक बड़ी पहल

## आदिवासी छात्रों को जेईई-नीट के लिए मुफ्त आवासीय कोचिंग

### 19 नवंबर तक करें आवेदन

वरीय संवाददाता



**रांची :** झारखंड के प्रतिभाशाली आदिवासी विद्यार्थियों के लिए झारखंड सरकार ने एक नई शिक्षा पहल की शुरुआत की है। झारखंड अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम के तहत अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग (जेईई) और मेडिकल (नीट) परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा संसाधन उपलब्ध कराना है, जिससे वे डॉक्टर और इंजीनियर बनने के अपने सपनों को साकार कर सकें। इस योजना के तहत कुल 300 विद्यार्थियों को रांची के हिंदपीढ़ी स्थित मल्टीपर्पस हॉल-कम-ट्रेनिंग सेंटर में रहकर कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। इस कार्यक्रम का संचालन कोटा की प्रतिष्ठित संस्था मोशन एजुकेशन के सहयोग से किया जाएगा। जिसे झारखंड सरकार ने चयनित किया है। योजना के तहत छात्रों को विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक अध्ययन सामग्री, ई-कॉन्टेंट से युक्त टैबलेट, पुस्तकालय सुविधा और अलग-अलग छात्रावास में आवास की पूरी व्यवस्था की गई है। इस योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल रखी गई है। वेबसाइट पर भी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन मांगा गया है। वहीं, ऑफलाइन आवेदन फॉर्म जिला कल्याण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन के साथ जाति प्रमाणपत्र, अंकतालिका, आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को पोर्टल या विभागीय सूचना माध्यम से कोचिंग आरंभ तिथि और रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। पात्रता के लिए आवेदक झारखंड के स्थायी निवासी होने चाहिए और अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित होने चाहिए। साथ ही, जिन विद्यार्थियों के माता-पिता नियमित सरकारी सेवा में हैं या जो किसी अन्य सरकारी योजना के अंतर्गत कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करेगी, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी अंचलों से आने वाले युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी करेगी।